डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2020 / 4272 दिनॉकः 22 दिसम्बर, 2020

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / सभी संबंधित छात्र, छात्राएं,
डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः कोबिड–19 महामारी के कारण से सत्र 2019–20 अंतिम वर्ष की सम सेमेस्टर / कैरी ओवर परीक्षा में प्रतिभाग न कर पाने वाले छात्र / छात्राओं की पुनः परीक्षा एवं अन्य वर्षों के छात्र / छात्राओं की सम सेमेस्टर की कैरी ओवर परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सबन्ध में विश्वविद्यालय के पत्रांक ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2020 / 4257 दिनॉक 15 दिसम्बर, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा माह सितम्बर, 2020 में सम्पन्न करायी गयी अंतिम वर्ष की सत्र 2019–20 सम सेमेस्टर / कैरीओवर परीक्षा में कोबिड–19 महामारी अथवा अन्य कारणों से जो छात्र परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर पाये थे उनकी अंतिम वर्ष की सत्र 2019–20 सम सेमेस्टर / कैरीओवर परीक्षा दिनॉक 07 जनवरी, 2021 से कराये जाने की सूचना दी गयी थी। साथ ही अंतिम वर्ष के अलावा के समस्त वर्षों के छात्रों (जिनको प्रमोट कर दिया गया था पर जिनकी कैरी ओवर परीक्षाएं नहीं कराई गयी थीं) की भी कैरी ओवर परीक्षाएं 07 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ होंगी। विश्वविद्यालय द्वारा दिनॉक 07 जनवरी, 2021 से आयोजित की जा रही उक्त परीक्षा के संबंध में कुछ छात्रों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है। इस संबंध में पुनः बिन्दुवार स्पष्ट हैः–

(A) दिनॉक 07 जनवरी, 2021 को आयोजित की जा रही परीक्षा में वे छात्र / छात्राएं जो माह सितम्बर, 2020 में सम्पन्न करायी गयी अंतिम वर्ष की सत्र 2019–20 सम सेमेस्टर / कैरी ओवर परीक्षा में अनुपस्थित थे एवं जिन्होने परीक्षा फार्म भरा था, अर्ह होंगे।

(B) वे छात्र / छात्राएं जिन्हे वर्ष 2020–21 में Promote किया गया था परन्तु उन्होने अपने पूर्व सम सेमेस्टर के Carry over Paper के फार्म भरे थे वे भी अर्ह होंगे।

(C) छात्रों को एडमिट कार्ड संस्था द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से online उपलब्ध कराये जायेंगे।

(D) उक्त परीक्षा पूर्व वर्षों की भॉति लिखित मोड में ही करायी जायेंगी।

कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को भी सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

22/12/2020

(डा0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनॉकः उपरोक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक (एस0) / उप परीक्षा नियंत्रक (डी), ए0के0टी0यू0, लखनऊ ।
3. प्रभारी, ERP ए0के0टी0यू0, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
5. प्रभारी, स्टूडेन्ट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. समस्त छात्र / छात्राएं।

(डा0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक